एक नजर में

भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

ब्यावरा 13 जुलाई, का. भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का जिले में आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया. जिला मीडिया प्रभारी महेश बामनिया के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गणपत लाल डाबी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष विष्णु मालवीय, पूर्व महामंत्री रामचंद्र जलालिया, करेडी भाजपा मंडल महामंत्री शिव वर्मा और बाबूलाल वर्मा सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

ग्राम सुल्तानिया के नए सरपंच बने राजू वर्मा

सारंगपुर 13 जुलाई, सं. अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित ग्राम सुल्तानिया के सरंपच पद पर आज पुर्ननिर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हुई. जिसमें राजू वर्मा को अधिक मत प्राप्त होने पर निर्वाचित घोषित किया गया. उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सुल्तानियां के सरपंच जितेन्द्र हाथिया-गोकुल प्रसाद को एसडीएम एवं जिला पंचायत राजगढ़ के निर्णय द्वारा सरपंच पद से पृथक कर दिया गया था. इसके बाद आज सरपंच पद के पुर्ननिर्वाचन के लिये ग्राम पंचायत सुल्तानियां का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया. ग्राम पंचायत के 20 पंचों में से 19 पंचों द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया में भाग लिया. ग्राम पंचायत सुल्तानियां का सरपंच पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है. सरपंच पद के लिए अनुसूचित जाति के 02 पंचों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये. जिसमें से राजू वर्मा को 12 मतपत्र तथा श्रीमति अवंतिका बाई को सात मतपत्र प्राप्त हुए. इस प्रकार राजू वर्मा को ग्राम पंचायत सुल्तानियां का सरपंच निर्वाचित घोषित किया गया. सरपंच निर्वाचन की विधि अनुसार प्रक्रिया शासकीय प्रतिनिधि बलवीर सिंह जाटव, पंचायत समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर तथा गजराज सिंह रूहेला सचिव ग्राम पंचायत सुल्तानियां द्वारा सम्पन्न कराई गई.

28 जुलाई से भोपाल में अग्निवीर भर्ती रैली

राजगढ़ 13 जुलाई, का. सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा 28 जुलाई से 08 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय स्पोर्टस कम्प्लेक्स भोपाल में मध्य प्रदेश के 15 जिलों अशोकनगर, भोपाल, बेतुल, छिंदवाडा, दामोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पन्दुर्ना, रायसेन, राजगढ, सीहोर और विदिशा के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी व अग्निवीर ट्रेड्समैन रैली का आयोजन होगा तथा मध्य प्रदेश व छतीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्म गुरू और एजुकेशन हवलदार की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जाएगा. सेना द्वारा 01 जून से 12 जून तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था. सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम 12 जुलाई को जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है.

5 दिन से बारिश रूकी, सूख रही खेतों की मिट्टी

सोयाबीन के पौधे सूखने की कगार पर, दोबारा बोवनी का डर सता रहा

यदि कुछ दिन और बारिश नहीं हुई तो उमस, पानी की खेंच और खेतों के सूखने पर किसानों को झेलनी होगी दोहरी मार

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 13 जुलाई, का. बीते 5 दिनों से बारिश पर ब्रेक लगा हुआ है. जिले में बीते 8 जुलाई को बारिश हुई थी इसके बाद से अब तक केवल बादल ही नजर आ रहे है. बारिश की खेंच से सर्वाधिक परेशानियां किसानों को होने वाली है. किसान कम और अनियमित बारिश के बावजूद रिस्क लेकर बोवनी कर चुका है. लेकिन अब बारिश के ब्रेक के कारण यह रिस्क उसे भारी पड़ती नजर आ रही है.

खेतों में मिट्टी सूखने लगी है. किसान कुलपे चलाकर पटली कर चुका है लेकिन पहले से खेतों में पर्याप्त नमीं नहीं पहुंच पाई थी. अब पानी की खेंच, उमस और खेतों की सूखती मिट्टी के कारण सोयाबीन की फसल संकट में घिरती नजर आ रही है.

जानकारी के अनुसार जिले के कई हिस्सों में खेतों में मिट्टी नमीं खो चुकी है और सोयाबीन के पौधों के पास खतों की मिट्टी पपड़ी छोड़ती नजर आ रही है. किसान अब अपनी फसलों को लेकिन चिंता में है. संभवत: यदि बरसात नहीं होती है तो दोबारा बोवनी का संकट किसानों को झेलना पड़ सकता है.

बीज पहले से महंगा और खाद मुश्किल

किसानों के सामने दोबारा बोवनी करना आर्थिक रूप से काफी चुनौती भरा साबित होगा. सोयाबीन का बीज अब बाजार में कम मात्र में उपलब्ध है और वह काफी महंगे दामों में मिलेगा. वहीं खाद और यूरिया का दोबारा से इंतेजाम करना होगा. इसके अलावा किसानों को बोवनी के लिए खेतों एक बार फिर से पूरी तैयारी और ताकत जुटानी होगी. इसके समय काफी लगेगा. यदि बारिश समय पर हो जाती है और किसान रिस्क से बाहर आ जाएगा.

क्या खाद और यूरिया दोबारा उपलब्ध होगा

बीते दिनों टोकन सिस्टम से महंगा खाद और यूरिया बमुश्किल खरीदने वाले किसानों के सामने सबसे बड़ा सवार जिले में खाद की प्रचुर उपलब्धता को लेकर है.

यदि बारिश नहीं होती है और सोयाबीन के पौधे सूख जाते है तो किसानों को बीज के अलावा दोबारा बोवनी के लिए यूरिया और खाद की सर्वाधिक आवश्यकता होगी. पहले से लागत की मार झेलने वाले किसानों को अब संशय इस बात का भी है कि क्या यूरिया और खाद पूर्व की तरह उपलब्ध होगा और होगा तो किस परिस्थिति और दामों में होगा. किसानों के सामने दोहरी आर्थिक मार का खतरा है.

अभी बारिश रुकी हुई है. किसानों से आग्रह है कि जल्दबाजी ना दिखाते हुए बारिश के क्रम का इंतजार करें. जिन्होंने मेढ़नाली पद्धति से सोयाबीन की बोवनी की है उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है. कईं स्थानों पर पर्याप्त नमीं अभी है. किसान कृषि विभाग से सम्पर्क कर सकते है.

नारायण सिंह हरियाले,
कृषि विस्तार अधिकारी
ब्यावरा

जमीनी विवाद में देवर ने कुल्हाड़ी से भाभी की नाक काटी

विवाद के दौरान कुल्हाड़ी से हमला, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

नवभारत न्यूज

जीरापुर 13 जुलाई, सं. समीपस्थ ग्राम खेरखेड़ी में पुराने जमीनी विवाद को लेकर एक देवर ने अपनी भाभी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. उक्त हमले में महिला की नाक कट गई है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरखेड़ी निवासी सीताबाई सोंधिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे उनके देवर तरवर सिंह घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा और पत्थर फेंकने लगा.

जब सीताबाई ने दरवाजा खोलकर बाहर आकर विरोध किया तो तरवर सिंह ने कुल्हाड़ी से उन पर वार कर दिया, जिससे उनकी नाक कट गई. पुलिस ने आरोपी तरवर सिंह के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है.

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 13 जुलाई, सं. शहर के वार्ड क्रमांक 8 पाड़ल्या रोड़ स्थित युवक ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार लखन मालवीय उम्र 36 वर्ष निवासी पाड़ल्या रोड़ के पास युवक ने सोमवार को साड़ी के फंदे पर लटकर कर फांसी लगा ली. घटना की जानकारी सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो पता चला परिजनों ने देखा की सुबह 9 बजे तक युवक दरवाजा बंद किये हुवे जिस पर परिजनों ने उजाल दान मे से देखा की युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ है. परिजन तुरंत ही युवक को शासकीय सिविल अस्पताल ले गये जहा डॉक्टर की टीम ने युवक का चेकअप कर युवक को मृत्यु घोषित कर दिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया पुलिस मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है.

फर्जी दस्तावेज वाले 9 शिक्षकों की सेवा समाप्त

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 13 जुलाई, का. प्राथमिक शिक्षकों द्वारा नियुक्ति/संविलियन के समय प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रामाणिकता कूटरचित पाए जाने पर कलेक्टर ने जांच उपरांत दोषी 9 शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी है. जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देशों के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस आशय के आदेश आज जारी कर दिये है.

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दोषी शिक्षकों द्वारा शासकीय सेवा प्राप्ति के लिये कूट रचित दस्तावेज लगाने की शिकायत मिली थी. इसकी जांच कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कराई गई. जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल तथा कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी मैसूर से कराया गया.

जांच समिति द्वारा उपलब्ध सेवा अभिलेखों, नियुक्ति अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण कर 03 जुलाई, 2026 को अपना अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. कलेक्टर ने इसके बाद सभी संबंधित कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान किया लेकिन कथित शिक्षक अपने ऊपर लगे आरोपों का खण्डन नहीं कर पाए.

जिन शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की उनमें रमेशचन्द्र यादव प्राथमिक विद्यालय आगरी- ब्यावरा, पवन शर्मा प्राथमिक शिक्षक आगर-ब्यावरा, सुनील कुमार प्रजापति प्राथमिक शिक्षक सीलखेड़ा का पुरा-ब्यावरा, हेमंत शर्मा प्राथमिक शिक्षक भगवतीपुर-ब्यावरा, श्रीमती सावित्री दांगी प्राथमिक शिक्षिका, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पाडलीमहाराजा-ब्यावरा, बने सिंह लववंशी प्राथमिक शिक्षक नालियाखेड़ी-ब्यावरा, भारत सिंह यादव प्राथमिक शिक्षक आगर,-ब्यावरा,हरिप्रसाद लववंशी प्राथमिक शिक्षक पाडलीमहाराजा-ब्यावरा, हिम्मत सिंह मीना प्राथमिक शिक्षक छापरीकला-नरसिंहगढ़ शामिल है.

एसपी को लिखा पत्र, आपराधिक कार्यवाही होगी- जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ मिश्रा के निर्देश उपरांत जांच समिति की अनुशंसा एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर पुलिस अधीक्षक को पृथक से पत्र प्रेषित किया गया है. जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों की सत्यता सर्वोपरि है. कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सेवा प्राप्त करने के मामलों में कार्यवाही की जाएगी.

बूथ सशक्तिकरण और जनसेवा का मंत्र दिया

पचोर 13 जुलाई, सं. अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और सेवा का माध्यम है. कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायकद्वय मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी, किरण सिंह सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष विष्णु मालवीय, महेश हाड़ा मौजूद रहे.

राममंदिर दान चोरी को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

ब्यावरा 13 जुलाई, का. जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा के तत्वाधान में बुनियादी पाठशाला मंडलम के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने वैष्णो देवी मंदिर पर तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन, आय-व्यय एवं श्रद्धालुओं द्वारा दी गई दान राशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं. इसलिए मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली भी पूर्णत: पारदर्शी एवं जवाबदेह होना आवश्यक है. ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन, आय-व्यय एवं दान राशि के उपयोग की किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी अथवा उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए

तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व नपाध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा, शहर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, मंडल अध्यक्ष यूनुस मोहम्मद, नेता प्रतिपक्ष ज्ञानू विजयवर्गीय, पार्षद कैलाश कुशवाह, मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा, पुष्पेंद्र पाराशर, जय जगताप आदि शामिल रहे.

श्री राम मंदिर ट्रस्ट में पारदर्शिता की मांग

पडाना 13 जुलाई, सं. भगवान श्रीराम किसी एक दल या व्यक्ति की संपत्ति नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था हैं. इसी भावना के साथ ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी ने श्री राम मंदिर ट्रस्ट के कामकाज में पारदर्शिता लाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले कुछ समय से ट्रस्ट के वित्तीय लेनदेन और दान-पेटी, चढ़ावे व आभूषणों के हिसाब को लेकर श्रद्धालुओं के बीच संशय है. ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है.ज्ञापन में कमेटी ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र जांच समिति गठित करने की मांग की. कमेटी ने कहा कि ट्रस्ट गठन से अब तक प्राप्त दान का ब्यौरा सार्वजनिक करें.

श्याम खो मंदिर तक सीसी रोड निर्माण शुरू

नवभारत न्यूज

सुठालिया 13 जुलाई, सं. शहर में तीन स्थानों पर दो करोड़ 19 लाख रु की लागत से बनने वाले सीसी रोड के तहत प्राचीन श्याम खो महादेव मंदिर तक रोड निर्माण का भूमि पूजन किया. इस मौके पर भाजपा नेता मोहन पंवार, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लीलाधर लोधी, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, मंदिर समिति अध्यक्ष बद्रीप्रसाद पालीवाल, पार्षद गोपाल भिलाला, गोकुल मोंगिया, दूल्लाशाह मालवीय, ओम प्रकाश पालीवाल, मनोज शर्मा, डॉक्टर अजीज कुरैशी सहित लोकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्याम सौंधिया, पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह लोधी, सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती, उपयंत्री राजेंद्र शर्मा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान सरावत कंसट्रक्सन कंपनी की और से सुनील सरावत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया.

जन्मदिन को बनाया हरियाली का पर्व

पचोर 13 जुलाई, सं. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लायंस क्लब उड़ान ने मात्र छाया फार्म हाउस में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया. जुलाई माह में जन्मदिन वाले क्लब सदस्यों ने अपने जन्मदिन की स्मृति में पौधे लगाए. इसके साथ ही अन्य सदस्यों ने भी पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया. अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रेनू विजयवर्गीय ने की. क्लब सचिव सविता गोयल ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया. इस अवसर पर सुषमा गोयल, डॉ. निशा गुदानिया, डॉ. अंजलि भदौरिया, डॉ. अतीब सिद्दीकी, डॉ. आयुषी विजयवर्गीय, सोनल सिसोदिया, प्रीति सोनी, डॉ. दीपिका कुशवाहा, रेखा अग्रवाल, रितु गर्ग, संघिका गुप्ता आदि मौजूद रहे.

स्वास्थ्य | नवभारत इम्पैक्ट : ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कलेक्टर ने जताई चिंता

गांवों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का मामला दिशा बैठक में उठा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/पड़ाना 13 जुलाई, का. जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कलेक्टर और सीएमएचओ ने सांसद की उपस्थिति में अपनी चिंता जाहिर की. मामले में अप्रत्यक्ष रूप से पड़ाना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अमले की तैनाती और सुविधाओं पर चर्चा की गई. मामले को लेकर नवभारत ने अपने बीते दो दिनों के अंक में पड़ाना में स्टाफ की कमीं और भवन की बदहाली को लेकर विषय प्रकाशित किया था.

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बैठक में बताया कि जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रसव सेवाओं को भी स्थानीय स्तर पर सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें.

डायलिसिस मशीनों और सोनोग्राफी के संचालन पर चर्चा

सांसद ने जिले में डायलिसिस मशीनों की उपलब्धता एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि जिले में सोनोग्राफी सेवाओं के सुचारु संचालन के लिए प्रशिक्षित टेक्नीशियनों की आवश्यकता है. वर्तमान में निजी चिकित्सकों की सेवाएं लेकर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि पचोर एवं ब्यावरा क्षेत्र में विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं.

जिले में 534 बच्चे कुपोषित

जिले में चिन्हित 534 कुपोषित बच्चों के उपचार एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे. साथ ही आयुष विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक उपचार भी सुनिश्चित किया जाएगा. बैठक में सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

ना मरीजों का इलाज, ना अस्पताल की मरम्मत
बिना डॉक्टर का जर्जर भवन : जिले की सबसे बड़ी पंचायत में सरकारी स्वास्थ्य सुविधा खतरे में
सालों बाद भी शुरू नहीं हुए संजीवनी क्लीनिक

वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजगढ़ 13 जुलाई, का. विकासखण्ड में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, सीईओ जिपं डॉ. इच्छित गढ़पाले, एसडीएम अंकिता जैन सहित अधिकारी एवं शासकीय उमावि, पीएम श्री कन्या उमावि खिलचीपुर, मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने पौधे लगाए.